हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025
बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



## खबर संक्षेप

### दुर्गा स्थापना की तैयारी शुरू



**डौंडीलोहारा।** नगर सहित आसपास क्षेत्र में इस वर्ष भी दुर्गोत्सव मनाने की तैयारी शुरू है। नगर में टिकरापारा, रामनगर, राजापारा, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मुख्य मार्ग में दुर्गा उत्सव की तैयारी की जा रही है। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के अनुसार, मां दुर्गा का आगमन 21 सितंबर को शाम 5.30 बजे अंडी मोड़ से शोभायात्रा एवं प्रदर्शन के साथ होगा। 25 सितंबर की रात 9 बजे से प्रसिद्ध दाई के दुलरवा भव्य झांकी (पटपड़) डोंगरगढ़ का प्रस्तुतीकरण होगा। 3 अक्टूबर को विशेष झांकी के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा नगर भ्रमण करते हुए गंगा स्नान एवं विसर्जन के लिए शिव घाट प्रस्थान करेगी।

### स्वच्छता पखवाड़ा एवं आदि सेवा पर्व मना



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम पंचायत कसही लो में स्वच्छता पखवाड़ा एवं आदि सेवा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव खिलेश्वरी भुआर्य द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और स्वच्छता पखवाड़ा पर्व के संबंध में जानकारी दी गई। सरपंच एन कुमारी राण्डे ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा पर्व को सफल बनाने के लिए सभी को साथ मिलकर काम करना है, उपसरपंच नरेंद्र साहू ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी, मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंच यशवंत साहू, मन्नू लाल सहारे बिसाहिन बाई, माधुरी मंडावी, ललीता कुंजाम, पिंकी रावटे, राजेश्वरी, खिलेश्वरी जमडार, रोजगार सहायिका मंथिरा टंडन, दुकालाबाई, फिरंगु पड़ोटी, उमाशंकर साहू सहित आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## पेज 9 का शेष

### घर में घुसकर की ...

और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों आरोपी वहां से भाग गए थे। मूलचंद महेश्वरी ने बताया कि मिलाप कुमार उर्फ मिथून भी रेत-गिट्टी सप्लाई का काम करता है और इसी व्यावसायिक रंजिश के कारण उसने अपने साथी संजय पटेल के साथ मिलकर उन्हें और उनके परिवार को धमकाया है। पीड़ित परिवार फिलहाल डरा हुआ और भयभीत है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## निधन

### चिंताराम साहू



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन निवासी चिन्ताराम साहू 63 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया, वे मनीष कुमार साहू के पिता और बलदेव राम साहू के बड़े भाई थे।

**न्यायालय तहसीलदार, डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**-: उद्घोषणा :-**

क्रमांक / 625 /प्र./तह./2025

डौंडी, दिनांक 15.09.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि अमरचंद पिता अन्नराज जाति जैन साकिन डौण्डी तहसील डौण्डी जिला बालोद छ.ग. द्वारा शामिलात खाता डौण्डी वार्ड क्रं. 01 में कृषि भूमि खसरा नं. 117/1 रकबा 0.180 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज हैं जिसे निस्तारी रास्ता हेतुं शासन के हित में त्याग करने हेतु प्रस्तुत किया गया हैं।

अतः उक्त आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित दावा/आपत्ति पेशी दिनांक 13.10.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
डौंडी जिला बालोद (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बालोद जिला बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ब-121 / वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता ग्रामवासी ग्राम लाटाबोड तहसील व जिला बालोद को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजू मोहम्मद खान पिता गनी मोहमम्द खान जाति मुसलमान निवासी ग्राम लाटाबोड तहसील व जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है, कि ग्राम लाटाबोड तहसील बालोद में आवेदक स्वयं का जन्म दिनांक 02.03.1972 को हुआ है। आवेदक तथा आवेदक के परिवार वाले नियमो की जानकारी के अभाव में किसी भी शासकीय कार्यालय अथवा न्यायालय से आवेदक के नाम पर से जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाए है। आवेदक अपने स्वयं के नाम पर से जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति अथवा अवक्षेप हो तो इस प्रकरण में पेशी दिनांक 30/09/2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है! नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
बालोद,
जिला बालोद (छ.ग.)

---

## कार्रवाई

### दुकान संचालक के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस

# जांच में उचित मूल्य की दुकान में मिली अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं सदस्य राजेश महिलांग ने आज बालोद जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों, आश्रम छात्रवासों, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन, आंगनबाड़ी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने लापरवाही बरतने वाले खाद्यान संचालकों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष शर्मा एवं सदस्य महिलांग ने आज गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम पंचायत कंचांदूर में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में कोई भी महिला सदस्य दुकान संचालन करते हुए नहीं मिली। इसके साथ ही वितरण किये जा रहे खाद्यान्न के नमूना सेंपल का भी प्रदर्शन नहीं किया गया था।

इसके अलावा उचित मूल्य की दुकान में पूर्व माह का शेष बचत 16 बोरा चावल निम्न गुणवत्ता का पाया गया। निरीक्षण के दौरान





उचित मूल्य की दुकान में समुचित साफ-सफाई का भी अभाव देखने को मिला। जिस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने दुकान संचालक के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात खाद्य आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य के द्वारा ग्राम पंचायत देवरी में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान देवरी अ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उचित मूल्य दुकान देवरी अ में खाद्यान्न के नमूना सेंपल का प्रदर्शन नहीं पाया गया। इसके अलावा 01 बोरा (50 किग्रा) निम्नगुणवत्ता का पाला चावल प्रदाय केन्द्र गुण्डरदेही के द्वारा उचित मूल्य दुकान में माह अक्टूबर 2025 के अग्रिम खाद्यान्न भंडारण किया गया था। जिस संबंध में शाखा प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह गुण्डरदेही के विरूद्ध कराण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने जिले के किसी भी शासकीय उचित मूल्य की दुकान में पाला निम्नगुणवत्ता चावल का भंडारण किसी भी स्थिति में नही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं सदस्य राजेश महिलांग ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कचांदूर में संचालित मध्यान्ह भोजन का आकस्मिक निरीक्षण किया। जहाँ संपूर्ण व्यवस्था संतोषप्रद पाई गई। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को भंडारण स्थल पर फोर्टिफाईड चावल के संबंध में आवश्यक जानकारी संबंधी पलैक्स प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष शर्मा एवं सदस्य महिलांग ने तैयार मध्यान्ह भोजन भी ग्रहण किया गया एवं उन्होंने तैयार मध्यान्ह भोजन पर संतोष व्यक्त की।

# चार हजार महिलाओं ने सुना दीदी के गोठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत काम कर रही महिलाओं के लिए एक विशेष पहल की गई है। बालोद जिले के पाकुरभाट में स्थित पंचायत संसाधन केंद्र में दीदी के गोठ नामक मासिक रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। इस कार्यक्रम को सुनने के लिए जिले के 4300 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया, जिनमें 130 महिलाएं सीधे पाकुरभाट केंद्र में मौजूद थीं। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी भी मौजूद रहे। उन्होंने पशुपालन का प्रशिक्षण ले रही पशु सखियों और 'बिहान' समूह की महिलाओं को उनके आजीविका विकास और सशक्तिकरण के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव और जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 'बिहान' से जुड़ी महिलाओं की सफलता की कहानियों को पूरे प्रदेश में साझा करना है, ताकि अन्य महिलाएं भी प्रेरित होकर आत्मनिर्भर बन सकें। इस मौके पर राष्ट्रीय आजीविका मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी नितेश साहू और अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के कार्यों, उनकी उपलब्धियों और आजीविका बढ़ाने के लिए किए जा रहे नए प्रयासों की जानकारी प्रसारित की जा रही है।

# दल्ली राजहरा चेंबर ने मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में, दल्ली राजहरा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने सेवा पखवाड़ा के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी के आह्वान पर किया गया था। चैंबर इकाई के अध्यक्ष अमित कुकरेजा ने बताया कि इस मौके पर सदस्यों ने वनवासी कल्याण आश्रम के बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और खुशियां मनाईं। बच्चों को पेन, बिस्किट, केक और फल वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी साफ नजर आ रही थी। चैंबर के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उनके जन्मदिन पर जरूरतमंद और गरीब बच्चों के बीच खुशियां बांटना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना है। इस कार्यक्रम में इकाई महामंत्री भूपेंद्र डहरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मित्तल, अशोक लोहिया, रमेश जैन, गुलाब कुकरेजा, पंकज छाजेड़, आलोक गुणधर, जयदीप गुप्ता सहित चैंबर के कई सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थे।

# भाजपा मंडल सदस्यों ने मंत्री के समक्ष गिनाई समस्याएं

**जामगांव आर।** भाजपा मंडल जामगांव आर के अनेक पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य भेंट कर प्रशासन की रवैए और शासन से समाधान हेतु एरिया की समस्याओं से अवगत कराए। मंत्री ने मंडल सदस्यों को समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। मंत्री को मंडल सदस्यों ने बताया कि महीनों से जन हित की समस्या हल कराने इधर उधर भटकने के बाद असफल रहे। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी मीडियम विद्यालय जामगांव आर के युवा अध्यक्ष अंगेश्वर साहू को उम्मीद की किरणे शिक्षा मंत्री से मिलने के बाद प्रलक्षित होने लगी है। शिक्षा मंत्री से मिलने के दौरान मंडल कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर, मंडल कार्यालय प्रभारी मेघनाथ सगरवंशी, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि मनीष जैन, उपसरपंच मुकेश साहू, बूथ अध्यक्ष सीताराम साहू, कार्यकर्ता रोमल साहू उपस्थित थे।




# शिक्षक हिरवानी को शिक्षा और सामाजिक कार्यों के लिए मिला सम्मान







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक आरके हिरवानी को हाल ही में कई मंचों पर सम्मानित किया गया है। वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोड़ेला में प्रधानपाठक के पद पर कार्यरत हिरवानी को उनके बहुमुखी योगदान के लिए यह सम्मान मिला है।

आरके हिरवानी को आदर्श शासकीय भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुन्दा में एक बेहद अनुशासित शिक्षक के रूप में जाना जाता था। उन्होंने अविभाजित दुर्ग जिले में रेडक्रॉस के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे एक कुशल मंच संचालक और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमोटर रहे हैं।

इसके अलावा, उन्होंने कई मानस मंचों में निर्णायक की भूमिका निभाई है और राज्य स्तरीय एनएसएस कार्यक्रमों में बैंड टीम का नेतृत्व किया है। कला के क्षेत्र में भी उनका योगदान रहा है। उन्होंने लोक कला पार्ट में मंच संचालन किया है और संतोष जैन की ईरा फिल्म में टेलीप्ले में भी काम किया है। उन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए 2006 तत्कालीन कलेक्टर सुब्रत साहू द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में। 2024 विधायक गुंडरदेही द्वारा शिक्षक सम्मान और 2025 में बीआईटी भिलाई में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह के अंतर्गत, उन्हें संभाग स्तरीय उत्कृष्ट प्रधानपाठक के रूप में सम्मानित किया गया। इस समारोह में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# शराबी वाहन चालकों पर 40 हजार का जुर्माना



**बालोद।** जिला पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत, पिछले सात दिनों में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 4 लोगों पर कार्रवाई की गई और उन्हें अदालत में पेश किया गया। न्यायालय ने इन सभी पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाते हुए कुल 40 हजार का अर्थदंड लगाया है।

पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 20 अन्य वाहन चालकों के लाइसेंस रद्द करने के लिए परिवहन विभाग को अनुशंसा भेजी है। इसके अलावा, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वाले 41 चालकों पर भी कार्रवाई की गई और उनसे 20,500 का जुर्माना वसूला गया है। यातायात पुलिस बालोद ने लोगों से लगातार अपील की है कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, क्योंकि यह अपने और दूसरों के जीवन को खतरे में डाल सकता है। पुलिस ने आम नागरिकों से निम्नलिखित नियमों का पालन करने का भी आग्रह किया है कि मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाएं। रात में गाड़ी चलाते समय हेडलाइट को अपर-डिपर करें। गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें। सुरक्षित गति से गाड़ी चलाएं और हमेशा सीट बेल्ट या हेलमेट का उपयोग करें। गाड़ी के सभी दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखें।

# घुमंतू मवेशी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- कार्रवाई के लिए किसान कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

ग्राम पंचायत सिकोसा में वर्तमान में लगभग 150-200 घुमंतु मवेशी ग्राम में लगे फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान बहुत ही परेशान है, जिसके संबंध में ग्राम स्तर पर 28 सितंबर को वृहद रूप में बैठक कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। इधर ग्रामीण अपनी फसल की रक्षा के लिए घेराबंदी कर रहे हैं।

उक्त संदर्भ में अनुविगीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही को पत्रचार के माध्यम से निवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें अनुविगीय अधिकारी द्वारा ग्राम सिकोसा के जनता को आश्वस्त किया गया कि 8-10 दिन के भीतर घुमंतु मवेशियों की व्यवस्था कर ली जायेगी, इस क्रम मे घुमंतु मवेशियों के व्यवस्थापन के लिए ग्राम के निवासियों एवं दानदाताओं द्वारा 19 हजार रुपए इकठ्ठा किया गया, जिसकी सूची अनुविगीय अधिकारी को 15 सितंबर को सौंपी गई। इस परिप्रेक्ष्य में ग्राम पंचायत सिकोसा एवं ग्रामीणों द्वारा घुमंतु मवेशियां की वैकल्पिक व्यवस्था रख रखाव कर रही है। ग्रामीणों ने बताया घुमंतु मवेशियों की ज्यादा समय तक व्यवस्था कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। घुमंतु मवेशी भी अन्यत्र ग्रामों से आकर ग्राम में लगे फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। घुमंतु मवेशियां के संबंध में उच्च कार्यालय के द्वारा आवेदन दिनांक से 15 दिन बीत जाने के बाद भी को ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर घुमंतु मवेशियों के संबंध में उच्च कार्यालय द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता तो ग्राम सिकोसा के ग्रामीण हताश होकर उग्र रूप से चक्काजाम कर आंदोलन करने में मजबूर होने की बात कह रहे हैं।

# शिक्षक फेडरेशन ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए काल्पनिक पदोन्नति मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



- संघ ने शिक्षा सचिव को भेजा मेल

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी को एक ई-मेल भेजकर मांग की है कि प्राचार्य पदोन्नति के पात्र रहे सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों और व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति दी जाए। फेडरेशन का कहना है कि इससे उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी जैसे वित्तीय लाभ मिल सकेंगे।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी और जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राजपत्र 5 मार्च 2019 के नियमों के तहत प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए मार्च/अप्रैल 2025 में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक (डीपीसी) हुई थी। इसके बाद 30 अप्रैल 2025 को 1335 टी-संवर्ग और 1478 ई-संवर्ग के शिक्षकों के लिए प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी हुआ। हालांकि, टी-संवर्ग के लिए पदस्थापना आदेश 29 अगस्त 2025 को जारी किया गया, जिसमें 30 अप्रैल 2025 से 31 जुलाई 2025 के बीच सेवानिवृत्त हुए व्याख्याताओं और प्रधानपाठकों के नाम हटा दिए गए थे।

फेडरेशन ने तर्क दिया है कि विभाग को कार्य नहीं, वेतन नहीं के सिद्धांत पर इन सेवानिवृत्त शिक्षकों को काल्पनिक पदोन्नति का आदेश जारी करना चाहिए था। उन्होंने 6 अक्टूबर 2018 के एक पुराने आदेश का हवाला दिया, जिसमें 171 व्याख्याताओं/प्रधानपाठकों को इसी सिद्धांत के आधार पर काल्पनिक पदोन्नति दी गई थी। इससे उन्हें पेंशन और ग्रेच्युटी में आर्थिक लाभ मिला था और सेवानिवृत्त होने के बाद भी प्राचार्य का पदनाम मिला था। फेडरेशन ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से भी मांग की है कि जो पात्र शिक्षक सेवानिवृत्ति के कारण पदोन्नति से वंचित रह गए हैं, उन्हें इसी काल्पनिक पदोन्नति का लाभ दिया जाए।

# खाद्य आयोग ने विभागीय बैठक में कार्यों की समीक्षा की



**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं राज्य खाद्य आयोग के सदस्य राजेश महिलांग ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में खाद्य, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा आश्रम-छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को समुचित मात्र में गुणवत्तायुक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इसके लिए जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के साथ-साथ आश्रम-छात्रावासों में राज्य खाद्य आयोग के शिकायत कॉल सेंटर के नंबर को अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को फोर्टिफाईड चावल के संबंध में भी जानकारी चस्पा कराने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि प्रत्येक नागरिकों को गुणवत्तायुक्त भोजन एवं खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना केन्द्र व राज्य सरकार के विशेष प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने खाद्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# मिट्टी के दिये बनाने में जुटा कुंभकार समाज



**अंडा।** गुंडरदेही के समीपस्थ ग्राम रौना में कुंभकार समाज 80 घर हैं, जिनका रोजगार खेती के साथ मिट्टी के बर्तन बनाकर बेचने से जुड़ा। आज के युवा पीढ़ी भी अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। ग्राम रौना के दिनेश कुंभकार ने बताया कि उनके गांव में लगभग सभी घर मिट्टी के बर्तन, ईंट, खपरैल बनाने का काम करते हैं। वर्तमान समय में पक्का छत घर बहुतायत बनाने के कारण खपरैल की मांग बहुत कम हो गयी है। दिनेश कुंभकार ने एवं गांव के पूर्व सरपंच चंदूलाल कुंभकार ने लोगों से अपील की है कि दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये, घड़ा, अवश्य लें एवं पुरानी संस्कृति को बढ़ावा देकर कुंभकार समाज को रोजगार दें। उन्होंने कहा कि अब लोग इलेक्ट्रॉनिक झालर धीरे खरीदने में ज्यादा रुचि ले रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग आगामी दीपावली पर्व पर करने की अपील लोगों से की है।



तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

10 चार हजार महिलाओं ने सुना दीदी के गोठ



12 दुर्गा पूजा में शांति बनाये रखने पुलिस ने ली समितियों...





## खबर संक्षेप

### गुरुर सेवा सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा आज

**गुरूर।** सेवा सहकारी समिति गुरुर का वार्षिक साधारण आम सभा 20 सितंबर शनिवार को दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण मुजगहन गुरुर में रखा गई है। इसमें संपरीक्षा रिपोर्ट 2023 –24 पर विचार एवं पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन वित्तीय वर्ष 2024 –25 के आय व्यय तथा लाभ हानि पर विचार एवं वित्तीय वर्ष 2024 –25 के कार्य योजना का अनुमोदन 2025– 26 के बजट का अनुमोदन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### महिला से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** ब्लाक मुख्यालय के अंतर्गत एक ग्राम में 35 वर्षीय विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, घटना लगभग छह माह पुरानी है। आरोप है कि गांव का ही 27 वर्षीय युवक ने महिला को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। लंबे समय तक डर और सामाजिक दबाव के कारण महिला चुप रही, लेकिन अंततः उसने साहस जुटाकर अपने पति को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और पुलिस में मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

### नगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**कुसुमकसा।** आदर्श गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में लोक कला लोक रागिनी मरोदा भिलाई का सांस्कृतिक कार्यक्रम 20 सितंबर को कला मंच स्कूल के पास आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिथलेश निरोटी जिला पंचायत सदस्य, संजय मंजू बैस की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, नितिन जैन उपसरपंच, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, विशेष अतिथि पंवारा बाई कोठारी, अमाय नागवंशी, संतोष जैन, पंकज जेठवानी, निर्मला जगनायक, अनूपा सलामे, कृष्णा बोगा के अतिथि में शुभारंभ होगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 9 बजे प्रारंभ होगा, ग्रामीणों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर लुत्फ उठाने की अपील की है।

### मूर्ति विसर्जन कर लौट रही पिकअप पलटी कई लोग घायल

**बालोद/डौंडीलोहारा।** यहां भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति विसर्जन के बाद वापस लौट रही एक पिकअप वाहन के पलट जाने से कई लोग घायल हो गए। इस घटना में पीड़ित टेमन निषाद ने पिकअप चालक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने धारा 184 एलके, 66/192 एलसीजी, और 125(ए) 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। गुंडरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम बघमरा निवासी टेमन निषाद ने बताया कि 18 सितंबर को वे अपने गांव के कई लोगों के साथ पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 24 यू 2536 में सवार होकर विश्वकर्मा मूर्ति विसर्जन के लिए खरखरा डेम गए थे। विसर्जन के बाद, रात करीब 7 बजे वे सभी वापस अपने घर लौट रहे थे। शिकायत के अनुसार, वाहन चालक देवेंद्र कुमार निषाद निवासी बघमरा ने खैरीडीह गांव से पहले नर्सरी के पास मुख्य सड़क पर गाड़ी को बहुत तेज और लापरवाही से चलाया, जिससे पिकअप पलट गई। इस हादसे में टेमन के साथ-साथ कोमल राजपूत, राहुल निषाद, पेमेंद्र कुमार, हेमंत चौधरी, तामेश्वर निषाद और अन्य कई लोगों को चोटें आईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जल संकट : गर्मी में धान की फसल नहीं लेंगे लाटाबोड़ के किसान

## जल संकट को लेकर ग्रामीणों ने बैठक में लिया निर्णय, नियम तोड़ने पर लगेगा अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

गर्मियों में धान की फसल लेने से गांवों में जल संकट की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे सबक लेते हुए ग्राम लाटाबोड़ के किसानों ने बैठक आयोजित कर गर्मियों में धान की फसल नहीं लगाने का निर्णय लिया।

विदित हो कि धान की फसल में सिंचाई के लिए अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इसलिए ग्रामीणों ने कम पानी वाली गेहूं, सरसो, चना एवं मटर की फसल लगाने प्रेरित करेंगे, जिससे पानी की बचत होंगी। ग्राम पंचायत लाटाबोड़ के किसानों ने बैठक कर सामूहिक निर्णय लिया है। इस बार की





गर्मी में धान की फसल लेने वाले किसानों को 20 हजार रुपये प्रति एकड़ अर्थदंड लगाने का निर्णय सामूहिक रूप से किसानों ने लिया, लेकिन अर्थदंड लगाने की नौबत ना आने दे। पिछले साल की गर्मी से ग्रामीण जलसंकट से पूरा गांव जागरूक हो गया है। बैठक में तेज प्रकाश मांडवी सरपंच, जनपद सदस्य भगवती उइके, पंच अमलेश्वर साहू, टिकेश्वर साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर, सचिव राजू कुंदन, चिंन्तु राम साहू, भीखम साहू, केयत साहू, क्यामल साहू, रघुनाथ ठाकुर, खेलन साहू, जीवनलाल साहू, राजू खान, धर्म सिंह साहू, देवी राम साहू, कच्ची साहू, डोलेश्वर साहू के आलावा अन्य ग्रामीण कृषक सम्मिलित थे।

## कार्रवाई

### मरीज की मौत पर परिजनों ने दर्ज कराई शिकायत

# मरीज की मौत, झोलाछाप डॉक्टर जेल दाखिल, डिग्री भी है फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के कांदुल गांव में एक फर्जी डॉक्टर की लापरवाही के कारण एक मरीज की मौत हो गई। जांच में पता चला कि आरोपी डॉक्टर के पास छत्तीसगढ़ में प्रैक्टिस करने के लिए वैध डिग्री नहीं थी। अर्जुंदा पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

मोहला मानपुर-अंबागढ़ चौकी के हज्जुटोला निवासी आनंदराव जनबंधु 64 ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके बेटे सुभाष कुमार जनबंधु 40 को पिछले 14-15 साल से बवासीर पाइल्स की बीमारी थी। 8 मई को वे उसे इलाज के लिए अर्जुंदा के कांदुल गांव में रहने वाले डॉ. रेखराम साहू के पास ले गए। रेखराम साहू ने इलाज के लिए 8,000 रुपये लिए और सुभाष के गुदा द्वार में अलग-अलग जगहों पर 9 इंजेक्शन लगाए। अगले दिन 9 मई को सुभाष को अत्यधिक रक्तस्राव और पेट फूलने की समस्या होने लगी। जब परिवार ने डॉक्टर को फोन पर

### पाइल्स का इलाज कराने मरीज को लगाया 9 इंजेक्शन




### भेजा गया जेल

शिकायत के आधार पर अर्जुंदा थाने में धारा 105 बीएनएस, छत्तीसगढ़ राज्य उपचार्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 की धारा 12, और छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी रेखराम साहू को 18 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इसकी जानकारी दी, तो वह टाल-मटोल करने लगा और बाद में अपना फोन बंद कर लिया। सुभाष की हालत बिगड़ने पर, परिवार उसे दूसरे अस्पताल ले गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव और संक्रमण के कारण 11 मई को उसकी मौत हो गई। परिवार की शिकायत के बाद एसडीओपी गुंडरदेही ने मामले की जांच की। जांच में पाया गया कि डॉ. रेखराम साहू के पास छत्तीसगढ़ में पंजीकृत कोई डॉक्टरी डिग्री नहीं थी और उसने लापरवाही से सुभाष का इलाज किया था, जिससे उसकी मौत हुई।

# पुराने लोहा खरीदी में धोखाधड़ी धर्मकांटा संचालक ने कारोबारी के खिलाफ दर्ज कराया अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

नगर के गंजपारा वार्ड नंबर 11 के निवासी सम्यक जैन 19 ने पुलिस में एक धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। उनके बड़े पिता चंद्रेश जैन की अरिहंत इंडस्ट्रीज नाम की राइस मिल में रखे पुराने लोहे (स्क्रैप) को खरीदने के दौरान एक व्यक्ति ने धरमकांटा में हेराफेरी कर ठगी की। पुलिस ने इस मामले में धारा 3(5) और 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सम्यक जैन ने पुलिस को बताया कि लगभग 10-12 दिन पहले जसपाल उर्फ जस्सी नामक एक व्यक्ति उनसे संपर्क में आया था। उसने खुद को स्क्रैप खरीदार बताया और लगभग 4-5 टन पुराने लोहे का सौदा तय किया। 17 सितंबर को जस्सी अपने एक ट्रक सीजी 08 यू 8324 और 6-7 हमालों के साथ राइस मिल पहुंचा। रात करीब 8.30 बजे तक स्क्रैप को ट्रक में लोड किया गया। वजन के लिए ट्रक को राइस मिल के धरमकांटा पर लाया गया। इस दौरान, जस्सी और उसके ड्राइवर ने मिलकर धरमकांटा के सिस्टम से छेड़छाड़ की। ड्राइवर ने बार-बार ट्रक को आगे-पीछे किया, जिससे कांटा असंतुलित हो गया। इसके बाद, जस्सी ने खुद ऑपरेटर के पास जाकर कांटे को ऑपरेट किया और ट्रक का वजन करवाया।

### कम वजन दिखाकर किया धोखा

धोखाधड़ी के बाद वजन पर्ची में लोहे का वजन मात्र 11 क्विंटल दिखाया गया, जबकि वास्तव में यह लगभग 4-5 टन (40-50 क्विंटल) था। जस्सी के एक साथी ने बिल के हिसाब से 36,800 रुपये की जगह 37,000 रुपये दिए और तुरंत वहां से निकलने लगा। जब सम्यक ने कम वजन के बारे में बात करने की कोशिश की, तो वे रुके नहीं और ट्रक सहित भाग गए। सम्यक जैन ने अपनी शिकायत में कहा है कि जसपाल और उसके साथियों ने मिलकर जानबूझकर धरमकांटा के सिस्टम से छेड़छाड़ कर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

# गरबा में गैर हिन्दुओं का प्रवेश वर्जित हो, विश्व हिंदू परिषद ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद







विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के बालोद जिला संगठन ने नवरात्रि पर्व के दौरान होने वाले गरबा आयोजनों को लेकर चिंता व्यक्त की है। संगठन ने गरबा समितियों से मिलकर उनसे कुछ विशेष नियमों का पालन करने की अपील करने का फैसला किया है।

संगठन के नेताओं ने कहा कि नवरात्रि हिंदू धर्म का एक पवित्र पर्व है, जिसमें महिलाएं मां दुर्गा की उपासना करती हैं। उनका मानना है कि हाल के दिनों में कुछ आयोजनों में सनातन संस्कृति और परंपराओं से खिलवाड़ हो रहा है। वे आधुनिकता के नाम पर इस धार्मिक पर्व को केवल नाच-गाने और व्यावसायिक सोच तक सीमित करने के तरीकों का विरोध करते हैं। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने गरबा आयोजन समितियों से कुछ प्रमुख अपीलें की हैं, जिसमें आयोजनों में सिर्फ हिंदू धर्म की महिलाओं को ही शामिल किया जाए। आयोजन में पूरी तरह से हिंदू धार्मिक परंपराओं और पूजा पद्धति का पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी तरह की फूहड़ता या धार्मिक अवहेलना नहीं होनी चाहिए। गरबा आयोजनों में अन्य धर्मों के युवाओं को प्रवेश न दिया जाए, क्योंकि इससे धार्मिक आयोजन में अप्रिय स्थिति पैदा हो सकती है। विहिप के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा की आराधना का पर्व है, और ऐसे में गरबा स्थलों पर भक्तिमय माहौल बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने मीडिया को बताया कि वे अपनी इन मांगों से सभी गरबा समितियों को अवगत कराएंगे।

# घर में घुसकर की गाली-गलौज दो युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज

**बालोद।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पिनकापार में एक परिवार को देर रात घर में घुसकर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित मूलचंद महेश्वरी ने दो व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में धारा 296, 3(5) और 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मूलचंद महेश्वरी पिनकापार गांव में दुकान चलाते हैं और मटेरियल सप्लायर का काम भी करते हैं, ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर की रात करीब 9 से 9.30 बजे के बीच, उनका परिवार खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहा था। उसी समय एक अज्ञात नंबर से उनके छोटे भाई धनराज महेश्वरी के मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने गाली-गलौज की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। जब धनराज ने फोन काट दिया, तो भी बार-बार कॉल आने लगे। इसके बाद, रात करीब 10 बजे सिर्राभांठा निवासी मिलाप कुमार बघेल और स्टेशन मुड़ीपार निवासी संजय पटेल उनके घर के सामने पहुंचे। उन्होंने घर के मुख्य दरवाजे को लात-घूसों से मारना शुरू कर दिया और जोर-जोर से गाली-गलौज करते हुए चिल्लाने लगे, आज तुम लोगों को परिवार सहित जान से मारेंगे। डर के कारण परिवार ने दरवाजा नहीं खोला ▶▶ शेष पेज 10 पर

- आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी, परिवार दहशत में

# ग्राम पंचायतों का हुआ सामाजिक अंकेक्षण, 53 में पायी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

मनरेगा के तहत हुए कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण के बाद गुरूर जनपद पंचायत की 77 पंचायतों में से 53 में अनियमितताएं पाई गईं। इन अनियमितताओं को लेकर डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर की अध्यक्षता में एक निकासी बैठक का आयोजन किया गया।

- सभी के दस्तावेज जांच के लिए भेजे गए, मनरेगा के भुगतान में पाई गई गड़बड़ी

सामाजिक अंकेक्षण टीम ने कार्यों की जांच, मस्टर रोल, बिल वाउचर, 7 रजिस्टर (पंजी), केस फाइल और अन्य दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया था। इस दौरान 53 ग्राम पंचायतों में ये कमियां सामने आईं, जिसमें रजिस्टर का सही ढंग से रखरखाव नहीं किया गया था। मजदूरी के भुगतान में गड़बड़ी पाई गई। अन्य प्रकार की प्रशासनिक कमियां भी मिलीं। बैठक में अनियमितता वाली पंचायतों के सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक अपने दस्तावेजों के साथ उपस्थित हुए।



उन्होंने अपने पक्ष में साक्ष्य प्रस्तुत किए। डिप्टी कलेक्टर ने सभी दस्तावेजों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिन मामलों में प्रस्तुत किए गए दस्तावेज और साक्ष्य सही पाए गए, उन्हें तत्काल प्रभाव से रद्द (विलोपित) कर दिया गया। जिन मामलों में आवश्यक दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके, उन सभी कार्य एजेंसियों के खिलाफ जांच के लिए मामला उच्च कार्यालय को भेज दिया गया है। इस बैठक में मनरेगा सहायक परियोजना अधिकारी ओमप्रकाश साहू, सीईओ जनपद गुरूर उमेश रात्रे, अतिरिक्त सीईओ आरएल सिरमौर, एनके बागडे, एसडीओ रामनारायण मार्कंडे, मनरेगा अधिकारी योगेश देवांगन और अन्य तकनीकी सहायक भी मौजूद थे।

## कलेक्टर व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, प्रशासन ने रूकवाया निर्माण कार्य

# यात्री प्रतीक्षालय निर्माण पर मुस्लिम जमात ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

नगर पंचायत के वार्ड 15 मस्जिद चौक में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण को लेकर नगर में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मुस्लिम जमात डौंडीलोहारा ने इस निर्माण कार्य पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे अवैध करार दिया और तत्काल बंद कराने की मांग की।



मुस्लिम जमात की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि यह यात्री प्रतीक्षालय राजनांदगांव-अंतागढ़ राष्ट्रीय मार्ग क्रमांक 53 पर बिना लोक निर्माण विभाग की अनुमति के बनाया जा रहा है। यह मार्ग नगर का मुख्य प्रवेश द्वार है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन और राहगीर गुजरते हैं। ऐसे में यात्री प्रतीक्षालय बनने से यहां जाम की स्थिति बनेगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहेगी। समाज ने यह भी तर्क दिया कि प्रस्तावित स्थान मस्जिद से मात्र कुछ मीटर की दूरी पर है, जहां पहले से ही भीड़-भाड़ रहती है। इसके आसपास शासकीय स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित हैं। यदि यहां प्रतीक्षालय बनता है तो बच्चों, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इसके साथ ही धार्मिक स्थल और शैक्षणिक संस्थान के समीप अव्यवस्था और असुविधा भी उत्पन्न होगी। समाज का कहना है कि नगर में कई ऐसे सुरक्षित और खुले स्थान उपलब्ध हैं जहां यात्री प्रतीक्षालय बनाया जा सकता है, लेकिन मुख्य मार्ग और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र को चुनना उचित नहीं है।

इस पर मुस्लिम जमात डौंडीलोहारा के सदर शेख आदिल सिद्दीकी सहित सद्दाम तिगाला, फिरोज कुरैशी, इजराइल खान, मोहम्मद अब्दुल रशीद खान, शेख आबिद सिद्दीकी, अब्दुल जब्बार तिगाला, असलम तिगाला, हबीब खान, अब्दुल फिरोज खान, इकरामुल अली, अशरफ सिद्दीकी, जाकिर तिगाला, शेख अजहर सिद्दीकी, सोहेल खान, सलीम खान, जावेद तिगाला एवं समस्त मुस्लिम समाज ने आपत्ति जताई है। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने यह ज्ञापन कलेक्टर बालोद, पुलिस अधीक्षक बालोद, एसडीएम डौंडीलोहारा, लोक निर्माण विभाग और मुख्य नगरपालिका अधिकारी डौंडीलोहारा को ज्ञापन सौंपा है। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान लिया। जिसमें पीडब्ल्यूडी विभाग ने निर्देश जारी कर मुख्य नगरपालिका अधिकारी डौंडीलोहारा को तत्काल निर्माण कार्य बंद कराने और कार्य स्थल से निर्माण सामग्री हटाने के आदेश दिए। प्रशासन की इस कार्रवाई से समाज में संतोष का माहौल है। मुस्लिम जमात ने कहा है कि यह निर्णय स्वागत योग्य है और भविष्य में नगर में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नियमानुसार एवं जनहित को ध्यान में रखकर ही किया जाना चाहिए। समाज ने प्रशासन से यह भी अपेक्षा की है कि नगर में सार्वजनिक स्थलों के चयन के समय सभी पक्षों की राय लेकर ही निर्णय लिया जाए, जिससे किसी प्रकार का विवाद या असुविधा उत्पन्न न हो।

# जीएसटी सुधार पर सम्मेलन और संवाद आज











हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

गुण्डंरदेही में 20 सितंबर को नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार विषय पर एक सम्मेलन एवं प्रबुद्धजन संवाद का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शारदा वाटिका, अंकित फ्यूल्स के पीछे, गुण्डरदेही में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

यह कार्यक्रम भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं जीएसटी रिफॉर्म्स के प्रदेश संयोजक यशवंत जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य जीएसटी प्रणाली में संभावित सुधारों पर विचार–विमर्श करना तथा प्रबुद्धजनों के सुझावों को सम्मिलित करना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री, भाजपा एवं प्रदेश संयोजक, जीएसटी रिफॉर्म्स यशवंत जैन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर होंगे। इस सम्मेलन में व्यापार, उद्योग, वित्त और प्रशासन से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों की सहभागिता अपेक्षित है। आयोजन के संयोजक एवं नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने समस्त नागरिकों, व्यापारियों, कर सलाहकारों, एवं प्रबुद्धजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस विचारमंथन को सफल बनाएं।

## खबर संक्षेप



### बूथ स्तर पर चला स्वच्छता अभियान

**बालोद/कलंगपुर।** अटल चौक अचौद एवं मां भरारी पाठ मंदिर बोरगहन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्वछता अभियान बूथ स्तर पर किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, अचौद शक्ति केंद्र संयोजक मोपेन्द्र कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष बोरगहन संत राम चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष अचौद दुलार ठाकुर, बुधारु राम, बैतल ठाकुर, आजु निर्मल, राम खिलावान, लेखराम, जनक नेटी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा सदस्यों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद।** ग्राम पलारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां शिव मंदिर और साहू भवन के आस पास साफ सफाई की गई। इस दौरान तालाब किनारे और आसपास में झाड़ू लगाकर कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल के अध्यक्ष मनीष गुरूपंच, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति नंद कुमार साहू, राजेश सोनबेर, प्रेमलाल गंगबेर, महेश्वर साहू, महेश साहू, रूपराम साहू, कुमार साहू, तेजराम साहू, त्रिभुवन साहू, अध्यक्ष भारतीय जनता पाटएँ युवा मोर्चा पलारी नवीन चांडक, चमपेश्वर गुरुपंच, रितेश साहू, झमन पटेल, मेघनाथ साहू, संतु राम, अमित यादव, श्यामू साहू व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छात्राओं ने कराया सिकल सेल और एचबी जांच



**बालोद।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेडी.में सशक्त नारी स्वस्थ परिवार अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीपरछेड़ी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विद्यालय में नवमी से 12वीं की छात्राओं का सिकल सेल व एचबी जांच किया गया। विद्यालय के सभी 103 छात्राओं ने शिविर का लाभ लिए। इस अभियान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोहम्मद उस्मान खान द्वारा छात्रों को महिलाओं संबंधित होने वाले विभिन्न समस्याओं का विस्तार से व्याख्यान किया गया तथा बसंती रावटे द्वारा छात्रओं को महिला संबंधी जानकारी दी गई व सशक्त नारी बनने का राज बताया। यह अभियान विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य एमएल सार्वा एवं शिक्षकों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग से मुख्य रूप से डॉ. मोहम्मद उस्मान खान के साथ बलराम साहू, सुरेश साहू बसंती रावटे, मनीषा साहू उपस्थित थे। ।

## भुसरेंगा में हुई कबड्डी प्रतियोगिता विजेता टीमों को बांटा गया पुरस्कार

**बालोद।** श्री श्री सिद्धिविनायक समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में ग्राम भुसरेंगा में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के पूर्व सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर पहुंचे। अन्य अतिथियों में डॉ जीतेन्द्र साहू सरपंच प्रतिनिधि,





नंदकुमार साहू, लखन साहू शामिल हुए। इस अवसर पर प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय पुरस्कार 4001, तृतीय पुरस्कार 2001 तथा चतुर्थ पुरस्कार 1501 रूपये प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने आव्हान किया कि जो भी खिलाड़ी जिस विधा में माहिर है। वह अपने–अपने क्षेत्र में कड़ी मेहनत करके अपना व अपने परिवार सहित देश का नाम रोशन करते हुए बड़ी प्रतियोगिताओं में पहुंच कर क्षेत्र का नाम बुलंदी पर पहुंचाएं। उन्होंने पराजित टीम को प्रोत्साहित करते हुए कहा कड़ी मेहनत करके अपने लक्ष्य को पाने के लिए सदैव प्रयासरत रहें सफलता जरूर मिलेंगी। इस दौरान समिति के संरक्षण टाकेश्वर ठाकुर, अध्यक्ष महेश कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, सचिव यशवंत साहू, सहसचिव हीरामनी, कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार, कप्तान जय कुमार सदस्य कोमेश्वर, झम्मन, हेमेंद्र, भावेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने का लिया निर्णय

# दुर्गा पूजा में शांति बनाये रखने पुलिस ने ली समितियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

थाना पूरूर में आगामी दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति सभा का आयोजन रखा गया। इसमें सहायक उप निरीक्षक भुजबल साहू ने दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में पुरूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों से दुर्गा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान त्योहार के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने पूजा समितियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और त्योहार की गरिमा बनी रहे। बैठक में कहा गया कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडालों में और विसर्जन के दौरान निकलने वाली शोभा यात्रा में डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। यह निर्णय ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिया गया है। पुलिस ने पूजा समितियों को शांति



व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों (वालंटियर) की नियुक्ति करने निर्देश दिया। ये वालंटियर भीड़ को नियंत्रित करने और पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने में मदद करेंगे। मूर्ति विसर्जन के दौरान सभी समितियों को पुलिस द्वारा निर्धारित रूट का ही पालन करना होगा। इसके अलावा, विसर्जन के दौरान किसी भी तरह के अस्त्र–शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, ताकि माहौल शांत और सुरक्षित बना रहे। पुलिस प्रशासन ने सभी दुर्गा पूजा समितियों से इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। पुलिस ने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से दुर्गा पूजा का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जा सकेगा।



## आईटीआई में हुई संभाग स्तरीय बैठक, 14 बिन्दुओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार और प्रशिक्षण अवसर उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में दुर्ग संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक संयुक्त संचालक आरबी तिवारी, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से राज्य स्तरीय रोजगार मेले में पंजीयन की स्थिति, प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश, प्लेसमेंट, ओन-जॉब ट्रेनिंग सहित कुल 14 बिंदुओं पर चर्चा की गई। संयुक्त संचालक श्री तिवारी ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि संस्थाओं के कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से संचालित हो, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर मिल सकें। बैठक में दुर्ग संभाग से प्राचार्य टीके सातपुते, सत्येंद्र चंद्रवंशी, प्रतीक साहू सहित विभिन्न आईटीआई संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित रहे। वहीं मेजबान संस्था डौंडीलोहारा के प्राचार्य आरके कुर्रे ने स्वागत भाषण के साथ संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि आगामी रोजगार मेले में युवाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उद्योगों के साथ बेहतर समन्वय कर प्रशिक्षणार्थियों के लिए अधिक प्लेसमेंट अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# रामधुनी प्रतियोगिता में संगी जहूरिया मंडली छिपली प्रथम

**गुरूर।** समर्पण युवा दल एवं समस्त ग्रामवासी रमतरा के तत्वावधान में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें संगी जहूरिया रामधुनी मंडली छिपली(जमली) प्रथम रही। द्वितीय स्थान जय चारोधाम रामधुनी मंडली बारना(कुरुद), तृतीय जय मां भवानी रामधुनी मंडली भवरमरा, चतुर्थ जय अम्बे रामधुनी मंडली कंचना, पंचम जय मां कर्मा रामधुनी गुजरा भखारा एवं छटवां स्थान जय बजरंग रामधुनी मंडली लासाटोला ने प्राप्त किया। झांकी में संगी जहूरिया रामधुनी मंडली छिपली, गायन मे जय चारोधाम रामधुनी मंडली बारना, वेशभूषा मे जय श्री राम रामधुनी मंडली नीचेकोहडा, अनुशासन जय श्री राम रामधुनी मंडली मसेल कोहडा



एवं संगीत मे श्री —ष्ण जस फाग एवं रामधुनी मंडली गातापार को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। निर्णायक में उमेश गंगराले, पालसिग हिरवानी, दुर्जू राम कौशल थे। मंच संचालक ग्वाला प्रसाद यादव लमती, जितेन्द्र सोनगेरवा एवं केदार कुरपाल ने किया। पुरुस्कार में मुख्य अतिथि हेडमास्टर पवन कुमार बम्बोडे थे। सरपंच संतोषी निर्मलकर, पप्पू कांकरिया, लहरगंगा के संचालक पुरानिक साहू, पूर्व सरपंच करहीभदर लीला राम डडसेना, जिला सचिव कलार समाज बालोद देवनारायण सिन्हा, कुमार साहू के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में ताम्रध्वज हिरवानी, जितेन्द्र सोनगेरवा, खिलेन्द्र चौधरी, त्रिलोक प्रकाश अटलखाम, तुकेश सोनगेरवा, मुकेश चौधरी, नीलेश चौधरी, युगल अटलखाम, अभय साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## छात्रों और शिक्षकों ने ली स्वच्छता की शपथ

**डौंडीलोहारा।** शालाओं में स्वच्छता का महत्व तथा बच्चों एवं समुदाय के सदस्यों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने विद्यायल एवं समुदाय आधारित पहलों के माध्यम से देश भर के सभी विद्यालयों में स्वच्छ भारत दिवस मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रथम गतिविधि के रूप में बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में संस्था के प्रभारी प्राचार्य एल के ठाकुर एवं इको क्लब प्रभारी व्याख्याता आर एन योगी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत दिवस का आरंभ करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई। व्याख्याता अविनाश कुमार साहू द्वारा सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों को शपथ दिलायी गया। इसमें अपने विद्यालय परिसर में गंदगी न फैलने, श्रमदान करने तथा अपने निवास क्षेत्र और विद्यालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता में सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया गया। शपथ ग्रहण में पी के मेश्राम, डी आर साहू, आर एस देशमुख, वीरेंद्र कुमार भंडारी, एस वैदे, पुष्पा कटेंद्र, छायानंदा, टी साहू, डुप्ले साहू, लवण साहू, राकेश कोठारी, वीरेंद्र नायक, सूर्योदय मानिकपुरी, कपिल पटेल उपस्थित थे।

# भीमकन्हार में आदि सेवा पर्व मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लाक के ग्राम पंचायत भीमकन्हार में आदि सेवा पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य के बारे में उपस्थित जन समुदाय को जानकारी प्रदान की गई, जिसमें सामुदायिक सहभागिता एवं बहु विभागीय समन्वय से ग्राम की आर्थिक सामाजिक व बौद्धिक समृद्धि से विकास के माध्यम से जन जातीय संस्कृति संरक्षण और गौरव प्रदान करना है। कार्यक्रम में ग्राम पुस्तिका में दर्ज विषय वस्तु की जानकारी देकर अपना गांव-समृद्धि की सपना को साकार करने हेतु प्रपत्र में दर्ज प्रविष्टियों को वाचन करते हुए भरा गया। उसके आधार पर सामुदायिक विकास हेतु विजन निर्माण की कार्य योजना के बारे में मार्ग दर्शन किया गया। यह कार्यक्रम एसके नंदा बीएमटी के मार्गदर्शन से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में ग्राम में संचालित शासकीय संस्थाओं के समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी, स्व-सहायता समूह, बिहान स्वच्छता समूह, ग्राम के महिला पुरुष, वरिष्ठ नागरिक गण, पंचायत प्रतिनिधि गण, सरपंच,पूर्व जनपद सदस्य संतोष ठाकुर, कमलेश ठाकुर उपस्थित थे। यह जानकारी ग्राम पंचायत सचिव विष्णु सिन्हा द्वारा दिया गया।

## निकुम में बन रहा भव्य हनुमान मंदिर गोवर्धन पूजा पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूम न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

बालोद जिले के निकुम गांव में स्थित प्राचीन श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में एक नए और भव्य मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। इस मंदिर की महिमा पूरे क्षेत्र में फैली हुई है और मान्यता है कि यहाँ सच्चे मन से आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

तीर्थराज निकुंम्ला राजलक्ष्मी मंदिर की संत श्री माताजी ने बताया कि इस मंदिर में हनुमान जी साक्षात वानर रूप में विराजमान हैं। प्रत्येक मंगलवार को यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है और चैत्र व क्वांर नवरात्रि में ज्योति कलश भी जलाए जाते हैं। संत श्री माताजी ने जानकारी दी कि इस साल 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा के अवसर पर हनुमान मंदिर प्रांगण में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें राजनांदगांव की प्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक अपनी टीम 'अनुराग धारा' के साथ मनमोहक प्रस्तुति देंगी। ग्राम सरपंच भागवत पटेल ने बताया कि माताजी धर्म के कार्यों में हमेशा सहयोग करती हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए दो बार में कुल एक लाख रुपये का दान दिया है और इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी वही करवा रही हैं। गांव के लोग और आसपास के श्रद्धालु मिलकर जनसहयोग से मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। इस भव्य मंदिर में पहले से स्थापित राम दरबार, राधा-कृष्ण, भोलेनाथ, शनिदेव और मां दुर्गा की मूर्तियों को भी आकर्षक ढंग से फिर से स्थापित किया जाएगा। इस पुनीत कार्य में गाँव के वरिष्ठ नागरिक तोपसिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव देशमुख, धरमदास साहू, नारद साहू, भूपेन्द्र सोनी सहित अन्य ग्रामीण भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

### छात्रों ने स्वच्छता पखवाड़े में की साफ-सफाई




**डौंडी।** विवेकानंद हाई स्कूल डौंडी के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों ने स्कूल परिसर, खेल के मैदान और आसपास की सड़कों की सफाई की। उन्होंने कूड़े-कचरे को उठाकर और झाड़ू लगाकर यह संदेश दिया कि सफाई केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। इस पहल के माध्यम से, स्कूल ने समाज के गणमान्य लोगों और आम जनता से अपील की कि वे सब मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लें। संस्था प्रमुख एस.आर. यादव ने छात्रों और सभी देश प्रेमियों से इस कार्य में सहयोग करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की, ताकि देश को स्वस्थ बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम सभी की भागीदारी से ही हम अपने परिवार, समाज और देश को स्वस्थ रख सकते हैं और स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान को सार्थक बना सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्रों और स्टाफ सदस्यों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख एस.आर. यादव, एचके लेनपांडे, नेमीचंद, ममता, रानू, तोमिन, सुश्री कविता, निधी, टेशवरी, निशा, शालिनी, दिनेश्वरी, कविता, मधु और निगम सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# गुंडरदेही में बिजली, पानी और खाद की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुंडरदेही

बालोद जिले के गुंडरदेही तहसील में किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नायब तहसीलदार अल्पा साहू को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द

- **भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन, सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी**

समाधान नहीं हुआ, तो वे एक बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन में किसानों की प्रमुख समस्याओं पर जोर दिया है, जिनमें खाद, बिजली और पानी की कमी सबसे बड़ी हैं। अनिश्चित बिजली कटौती तुरंत बंद की जाए और घरेलू बिजली बिल को पहले की तरह ही रखा जाए।

गन्ना का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 200 रुपये प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि दी जाए। गन्ना उत्पादक किसानों को कटाई और परिवहन के लिए खनिज न्यास से पैसा दिया



जाए। धान की खरीदी 1 नवंबर से शुरू की जाए। समितियों द्वारा 20.80 क्विंटल की जगह 21 क्विंटल धान लिया जाए, और धान खरीदी के समय बारदाने सहित 40 किलो 700 ग्राम ही तौला जाए। गिरते भूजल स्तर को देखते हुए, गर्मियों में धान की खेती के बजाय अन्य फसलों को बढ़ावा दिया जाए। पोर्टल को तुरंत सुधारा जाए ताकि किसानों का पंजीकरण आसानी से हो सके, क्योंकि वर्तमान में कई किसानों का पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए और सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाया जाए और नहरों का पानी अंतिम गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था हो। पिछली सरकार की न्याय योजना की बकाया चौथी किश्त की राशि दीवाली से पहले दी जाए। केंद्र सरकार द्वारा 186 रुपये की वृद्धि को मिलाकर 3100 रुपये प्रति क्विंटल के बजाय 3286 रुपये का भुगतान किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान संघ के कई पदाधिकारी और किसान मौजूद थे, जिनमें जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, उपाध्यक्ष टिकम सिंह साहू, गन्ना उत्पादक किसान संघ के अध्यक्ष डॉ. तेजराम साहू, मनहरण साहू और अन्य कई किसान शामिल थे।

## हेरोइन के साथ सरगना गिरफ्तार

**भिलाई।** हेरोइन के साथ तस्करी करने को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें 246 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ मोहन नगर पुलिस ने आदित्य नगर दुर्ग निवासी गुरजीत सिंह रुट को पकड़ा है। आरोपी मोहन नगर से फरार हुआ था। पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी। आरोपी गुरजीत सिंह पूछताछ के दौरान पुलिस को चकमा देकर भाग गया था। फरार आरोपी को पकड़ने टीम बनाकर खोजबीन किया गया। आरोपी को दुर्ग स्टेशन के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर जेल भेजा गया।

अंतिम 24 घंटे
SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
SUNDAY OPEN
महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं.: 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैम्बरी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिला व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहविद्य, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहटी
यात्रा दिनांक
30 अक्टूबर 2025
20 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
11 जनवरी 2026
मकर संक्रांति स्नान
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)